Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golumber, Nehru Marg, Patna -800001
(Registration No -663/2003)
[redacted]

BIHAR ADMINISTRATIVE SERVICE ASSOCIATION
सत्यमेव जयते

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No. - 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No. - 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No. 44 Date 23-05-2022

<u>दिनांक 22.05.2022 को बासा भवन में आयोजित बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन के आम सभा के बैठक की कार्यवाही–</u>

1. दिनांक– 22.05.2022 को बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन के आम सभा की बैठक बासा भवन में आहूत हुई । आम सभा के मुख्य अतिथि श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, भूतपूर्व अध्यक्ष बासा, विशिष्ट अतिथि श्री बिपिन सिन्हा, भूतपूर्व महासचिव बासा, श्री सुरेश कुमार शर्मा, भूतपूर्व अध्यक्ष बासा तथा बासा के वरीयतम सदस्य श्री रामनरेश दुबे उपस्थित हुए ।
2. आम सभा में श्री शशांक शेखर सिन्हा, अध्यक्ष, बासा एवं श्री अनिल कुमार, महासचिव, बासा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । श्री सुनील कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष, बासा द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 तथा 2021–22 का आय–व्यय का लेखा आम सभा में प्रस्तुत किया गया । आम सभा द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन एवं आय–व्यय लेखा प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।
3. आहूत आम सभा में संघ के महासचिव द्वारा दिनांक– 09.02.2020 को अध्यक्ष, बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की कार्यवाही जो दिनांक– 11.10.2020 के वर्चूअल आम सभा से पारित है को सदस्यों के समक्ष उपस्थापित किया गया । आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सभी संशोधनों को अनुमोदन किया गया ।
4. आम सभा में विमर्श के दौरान कुछ जिलों यथा सुपौल, बक्सर, गया, सीतामढ़ी आदि की जिला कार्यकारिणी इकाई द्वारा समाचार पत्रों / सोशल मीडिया के माध्यम से वर्तमान आम सभा को स्थगित करने/ ऑनलाइन वोटिंग / वर्तमान चुनाव प्रक्रिया के संबंध में प्राप्त हो रही आपत्तियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा विमर्शोपरांत आम सभा द्वारा सभी आपत्तियों को सर्वसम्मति से संघीय भावनाओं के अनुकूल नहीं होने तथा विधिसम्मत नहीं रहने के आधार पर सभी प्रस्तावों को अमान्य कर दिया गया ।

5. बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन की उपविधि में चुनाव की प्रक्रिया का सुसंगत विस्तृत प्रावधान नहीं रहने के कारण तथा कतिपय अन्य नियमों में समय के मांग के अनुसार नहीं होने पर केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा लिये गये निर्णय एवं दिनांक– 11.10.2020 को उपविधि में किये गये प्रस्तावित संशोधनों को आज दिनांक– 22.05.2022 के आम सभा बैठक के दौरान सर्वसम्मति से सम्पुष्टि किया गया।
6. बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन के आम सभा के दौरान नई केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के गठन हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मतदान की व्यवस्था की गई, जिसमें महासचिव पद के लिए मतदान हुआ, मतदान में 348 (तीन सौ अड़तालीस) माननीय बासा सदस्यों द्वारा इस प्रक्रिया में भाग लिया गया । उपस्थिति पंजी के अनुसार 173 (एक सौ तीहत्तर) सदस्य बासा भवन में सशरीर उपस्थित हुए जिनमें से 160 (एक सौ साठ) सदस्यों ने ऑफलाइन मतदान किया । ऑनलाइन मतदान में 188 (एक सौ अठ्ठासी) सदस्यों ने भाग लिया, मतगणना के उपरांत श्री सुनील कुमार तिवारी, 42वीं बैच, आप्त सचिव, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा को महासचिव पद पर निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया ।
7. बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी समिति के गठन हेतु इतिहास में पहली बार ऑनलाइन वोटिंग की व्यवस्था की गई थी जो आंकड़ों के हिसाब से पूर्णतः सफल रही, क्योंकि ऑफलाइन से ज्यादा ऑनलाइन वोटिंग हुई । आम सभा ने ऑनलाईन वोटिंग के सफल संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा भविष्य में इसके उपयोग पर सहमति व्यक्त की गई ।
8. बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी के गठन हेतु स्थापित निर्वाचन प्रक्रिया के क्रम में निर्वाची पदाधिकारी श्री किशोर कुमार प्रसाद एवं अन्य सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दायर करने, संवीक्षा एवं नाम वापसी के पश्चात श्री शशांक शेखर सिन्हा, 37वीं बैच, आप्त सचिव, माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार को बासा अध्यक्ष पद हेतु, श्री अजय कुमार, 40वीं बैच, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, दरभंगा, बासा उपाध्यक्ष–1 एवं श्री सुबोध कुमार, 44वीं बैच, विशेष कार्य पदाधिकारी, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार, उपाध्यक्ष–2 पद के लिए, श्री चंद्रशेखर आजाद, 47वीं बैच, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पालीगंज, पटना, संयुक्त सचिव–1 एवं श्री विकाश कुमार, 60–62वीं बैच, वरीय उप–समाहर्ता, मधुबनी, संयुक्त सचिव–2 के पद पर तथा श्री शशि शेखर, 48–52वीं बैच, भूमि सुधार उप–समाहर्ता, पटना सदर को बासा कोषाध्यक्ष पद पर दिनांक 20.04.2022 को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये थे । आम सभा

में उपस्थित सदस्यों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया एवं निर्विरोध निर्वाचन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

अंत में संघ के उपाध्यक्ष मो0 मोइज उद्दीन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सधन्यवाद बैठक की समाप्ति की गई ।

अनिल कुमार महासचिव, बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन, बिहार, पटना ।	शशांक शेखर सिन्हा अध्यक्ष, बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन, बिहार, पटना ।